>

Title: Need to construct approach roads to bridge constructed between Daulatpur and Lakhnaiti over Yamuna river in Uttar Pradesh.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): कैराना लोक सभा की विधान सभा गंगोह के दौलतपुर-लखनैती यमुना नदी के पुल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है । यह पुल उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ता है । पुल के दोनों तरफ से जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे प्रतिदिन आने-जाने वाले लोगों को यातायात की समस्या से गुजरना पड़ता है । दोनों राज्यों की यह एक मुख्य मांग है । पुल तक पहुंचने वाली सड़कों का निर्माण हो जिससे यातायात सुलभ और सरल हो सके । मेरा सरकार से निवेदन है कि उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए यमुना नदी पुल के दोनों तरफ जाने वाली सड़कों का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाये ।